# रिवीजन टेस्ट – 2020
## कक्षा – 12 वीं
## विषय – हिन्दी (सामान्य)

पूर्णांक – 80

**निर्देशः–**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमशः लिखिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।
3. प्रश्न क्रमांक 01 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1*4*5=20 अंक निर्धारित हैं।
4. दो अकं वाले प्रश्नों की शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
5. तीन अकं वाले प्रश्नों की शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
6. चार अकं वाले प्रश्नों की शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।
7. पाँच अकं वाले प्रश्नों की शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।

प्र01 निम्नलिखित रिक्त स्थानो की पूति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए – 1x5=5

1. सूरदास की रचना ..................... है। (सूरसागर/विनय पत्रिका)
2. कविवर भूषण की रचनाओं में ............. रस की प्रधानता हैं। (श्रृंगार/वीर)
3. बल बहादुरी निबंध ............. की कोटि में आता हैं। (आत्मपरक/विवेचनात्मक)
4. जिन सामासिक शब्दों में दोनों पद किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते है वहाँ .............समास होता हैं। (द्वन्द/बहुब्रीहि)
5. भारत ............... का उपासक हैं। (शरीर बल/आत्मबली)

प्र02 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए – 1x5=5

1. सिरचन स्टेशन मिलने गया–

(अ) मीनू से (ब) चीनू से (स) बड़ी माँ से (द) काकी से

2. रवीन्द्रनाथ टैगोर पुस्तक पढ़ रहे थे।

(अ) सम्पति शास्त्र की (ब) सौन्दर्य शास्त्र की

(स) समाज शास्त्र की (द) नागरिक शास्त्र की

3. 'तुम्हरे कमल बदन कुम्हिलै है ' में अलंकार हैं।

(अ) उपमा (ब) रूपक (स) उत्प्रेक्षा (द) अनुप्रास

4. युद्ध के समय ध्वनि दूर-दूर तक सुनाई दे रही थी।

(अ) ढोलक की (ब) बाँसुरी की (स) नंगाड़ों की (द) मंजीरे की

5. बल में निवास है–

(अ) देवत्त्व का (ब) मानवता का (स) अज्ञान का (द) पुरूषत्व का

प्र0 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए – 1x5=5

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. सिरचन का व्यवसाय | (क) वात्सल्य रस |
| 2. ज्ञानोदय पत्रिका संपादन | (ख) बहुत परेशान करना |
| 3. सूर के बालकृष्ण | (ग) दस्तकारी |
| 4. भुजंगिनी सी | (घ) नाक में दर्द होना |
| 5. नाक में दम करना | (ड़) रूपक अलंकार |
| | (य) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर |
| | (र) उपमा अलंकार |

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

प्र04 निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – 1 X 5=5

(i) अज्ञान का पुत्र अहंकार होता हैं।
(ii) महिला ने अस्पताल का सारा बिल चुकता किया।
(iii) कविवर भूषक के विरचित तीन ग्रंथ उपलब्ध हैं।
(iv) "वे पुराने कपड़े के व्यापारी हैं " वाक्य शुद्ध है।
(v) कर्मव्यता में " ता " प्रत्यय है।

प्र05 सिरचन कौन-कौन सी वस्तुएँ बनाना जानता था ? **02**

अथवा

बड़ी भाभी ने भानू के संबंध में क्या चेतावनी दी थी ?

प्र06 डॉक्टर ने महिला को पत्र में क्या लिखा ?

अथवा **02**

अंग्रेज सेनापति द्वारा झाँसी की रानी की वीरता की प्रशंसा को लेखक ने क्यों महत्त्वपूर्ण माना है ?

प्र07 बाबू गुलाब राय के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।

अथवा **02**

शुक्ल युग के चार रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्र08 निम्नलिखित का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए –

सेनापति, प्रत्येक, पंचतंत्र, गंगा-यमुना

अथवा **02**

निम्नलिखित शब्द-युग्म का वाक्य में प्रयोग कर अर्थ स्पष्ट कीजिए –

अविराम-अभिराम , अवधि-अवधी

प्र09 निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कर लिखिए।

घटा , अर्थ

अथवा **02**

समास द्वारा पारिभाषिक शब्दों का निमार्ण कर कोई चार पारिभाषिक शब्द लिखिए।

प्र010 कोई चार तकनीकी शब्द लिखिए जो विधिक क्षेत्र से संबंधित हों।

अथवा **02**

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

(i) आपका भवदीय।
(ii) आप सादर पूर्वक आमंत्रित हैं।

प्र011 " केवल शुद्ध पर ठहरकर अनुभूति नहीं होती " पंक्ति का भाव पल्लवन कर लिखिए।

अथवा **02**

निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी मानक रूप लिखिए –

छिमा, गेह , माखन , मीत

प्र012 बालकृष्ण को देखकर माता यशोदा के हृदय में कौन-कौन सी अभिलाषाएँ जागती है ?

अथवा **03**

यशोदा माता ने गोचारण के लिए जाने वाले कृष्ण को वन की क्या-क्या कठिनाइयाँ है ?

प्र013 कवि भूषण ने अपनी कविता में कौन-कौन से राजाओं के शौर्य का वर्णन किया है ? लिखिए

अथवा **03**

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website

कविवर भूषण ने अपनी कविता में छत्रसाल की तलवार को प्रलयकालीन सूर्य के समान क्यों कहा हैं ? लिखिए।

प्र014 कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर ने अपनी रचना में बल और बुद्धि में क्या पारम्परिक संबंध बताया है ? उदाहरण द्वारा समझाकर लिखिए।

अथवा **03**

किसी वीर बलिदानी की बहादुरी के बारे में 10 पंक्तियाँ लिखिए।

प्र015 रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा मोमवत्ती बुझाने के बाद परिवेश में क्या परिवर्तल हुआ ? लिखिए

अथवा **03**

कहानी ठेस में भानू ने सिरचन को पान का बीड़ा देते समझ क्या सलाह दी थी ? लिखिए

प्र016 शिवाजी की सेना ने शत्रुओं पर किस प्रकार आक्रमण किया ? कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा **04**

यशोदा माता ने बालकृष्ण के बारे में देवकी को क्या संदेश भेजा था ? लिखिए

प्र017 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए।

"आजु में गाइ चरावन जैहौं।
वृन्दावन के भाँति-भाँति फल अपने कर मैं रवैहौं।
एसी बात कहौं जनि बारे, देखो अपनी भाँति।
तनक-तनक पग चलिहौ कैसें आवन छै हौं राति। "

अथवा **04**

' छूटन कमान बान बंदूक डारू कोकवान,
मुसकिल होत मुरचान हूँ की ओट में।
ताही समै सिवराज हुकुम के हल्ला कियो,
दावा बाँधि द्वेषिन पैं बीरन लै जोट में। '

प्र018 बल-बहादुरी में शरीर-बल ड्डौर आत्मबल में लेखक ने किसे श्रेष्ठ माना हैं ? आज विश्व कल्याण के लिए दोनों में से कौन-सी अधिक उपयोगी है ? लिखिए **04**

अथवा

कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा लिखित रचनाओं को लिखते हुए उनकी भाषा तथा शैली के बारे में लिखिए।

प्र019 निम्नलिखित अपठित गद्यांश का पढ़कर नीचे लिखे हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **04**

"समय एक अमूल्य निधि है, जीवन संग्राम में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग परम आवश्यक है। अक्सर लोग समय की तुलना धन से करते है, लेकिन समय धन से अधिक मूल्यवान है। धन तो एक साधन मात्र है, परन्तु समय सब कुछ है। धन नष्ट भी हो जाये तो पुनः प्राप्त किया जा सकता है, किंतु नष्ट किए समय को प्राप्त करना असंभव है। जो मनुष्य समय नष्ट करना है, समय उसे नष्ट कर देता है। "

प्र01 उपर्युक्त गद्यांश का सार्थक शीर्षक लिखिए।
प्र02 जीवन में सफल होने के लिए सबसे अधिक मूल्यवान क्या हैं ?
प्र03 उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र020 निम्नलिखित अपठित पद्यांश का पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **04**

" रवि जग में शोभा सरसाता, सोम सुधा बरसाता,
सब है जग कर्म में कोई निष्क्रिय दृष्टि न आता,
है उद्देश्य निसान्त तुच्छ, तृण के भी लघु जीवन का,
उसी पूर्ति में वह करता है, अंत कर्ममय तन का। "

प्रश्न–(1) उपर्युक्त पद्यांश का सार्थक शीर्षक लिखिए।
(2 तृण का जीवन कैसा है ?

(3) उपर्युक्त पद्यांश का सारगर्भित सारांश लिखिए।

प्र021 अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी को आवेदन पत्र लिखकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने का निवेदन कीजिए।

अथवा **05**

अपने मित्र को पत्र लिखकर कोविड–19 के बारे में जानकारी प्राप्त करें। उनकी तथा परिवार की कुशल क्षेम जाने।

प्र022 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए। **06**

(i) पर्यावरण संरक्षण-हमारा दायित्व
(ii) स्वदेश प्रेम
(iii) कोविड–19 समस्या-समाधान
(iv) स्वावलंबन पर न्यौछावर कुबेर का कोष
(v) स्वच्छ भारत अभियान

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए। **03**

(i) मेरे सपनों का भारत
(ii) जल ही जीवन है
(iii) जीवन में अनुशासन का महत्त्व
(iv) राष्ट्रीय पर्व
(v) महिला सशक्तिकरण

for solutions visit https://www.mpboardonline.com/answer/ this is not official website